◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

नीड 24 न्यूज़
हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital
DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577
GST GSTIN 24CINPG0564Q1ZT
UDYAM REGISTERED UDYAM-GJ-14-0003714
◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily
हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play
www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:
तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

स्थानीय

सालमारी के RDS कॉलेज में राष्ट्रीय एकता के नाम आयोजित हुआ ऑल इंडिया मुशायरा एवं कवी सम्मेलन



22 नवंबर को सालमारी कॉलेज मोड़ के पास स्थित RDS कॉलेज के प्रांगण में मानव विकास केन्द्र द्वारा "ALL INDIA MUSHAIRA AND KAVI SAMMELAN" का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय "एक शाम राष्ट्रीय एकता के नाम" था।

इस मंच पर देश के विभिन्न कोनों से आए प्रसिद्ध कवियों ने अपनी कविताएँ प्रस्तुत कीं, जिससे सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता का संदेश प्रसारित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान SDM बारसोई, SDPO बारसोई और SHO सालमारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए, जिससे सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हुई।

इस प्रकार, इस साहित्यिक सभा ने न केवल काव्य प्रेमियों को आनंदित किया, बल्कि राष्ट्रीय एकता के भाव को भी सुदृढ़ किया।

— Shivu KR Vishwas

धर्म

छठ महापर्व जात-पात से ऊपर उठकर आस्था और सामाजिक समरसता का पर्व है: जिलाधिकारी



दिनांक: 14 नवंबर 2026

छठ महापर्व जात-पात से ऊपर उठकर आस्था और सामाजिक समरसता का पर्व है: जिलाधिकारी

कटिहार: लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर आज जिला प्रशासन की ओर से सामाजिक समरसता की एक अनूठी मिसाल पेश की गई। जिला पदाधिकारी, कटिहार श्री आशुतोष द्विवेदी ने आज सदर प्रखंड के सिरसा स्थित महादलित बस्ती का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बस्ती के छठ व्रतियों के साथ बैठकर खरना का प्रसाद ग्रहण किया और व्रतियों के बीच साड़ी एवं पूजन सामग्री का वितरण किया।

महादलित बस्ती में ग्रहण किया खरना का प्रसाद

खरना के पावन अवसर पर संध्या समय जिलाधिकारी महादलित बस्ती की एक छठ व्रती के घर पहुंचे। वहां उन्होंने जमीन पर बैठकर पूरी श्रद्धा और आत्मीयता के साथ गुड़ की खीर, घी लगी रोटी और केले का प्रसाद ग्रहण किया। जिलाधिकारी के इस सहज और संवेदनशील व्यवहार से बस्ती के लोग भावुक हो उठे। बुजुर्ग महिला व्रतियों ने जिलाधिकारी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह पहला अवसर है जब जिले के शीर्ष अधिकारी ने उनके घर आकर खरना का प्रसाद ग्रहण किया है।

200 से अधिक व्रतियों को भेंट की पूजन सामग्री

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सिरसा महादलित बस्ती एवं आसपास के टोलों की 200 से अधिक महिला छठ व्रतियों को साड़ी, सूप, नारियल, गन्ना एवं अन्य आवश्यक पूजन सामग्री भेंट की। उन्होंने सभी व्रतियों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

छठ घाटों का निरीक्षण एवं बुनियादी सुविधाओं का समाधान

बस्ती भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय छठ घाट की साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद नगर निकाय के पदाधिकारियों को घाट पर खराब पड़े चापाकलों की तत्काल मरम्मत कराने और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया।

जिलाधिकारी का संदेश

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री आशुतोष द्विवेदी ने कहा, "छठ महापर्व बिहार की आत्मा है। यह पर्व जात-पात, ऊंच-नीच और भेदभाव से ऊपर उठकर पूरे समाज को एक सूत्र में बांधता है। भगवान सूर्य के समक्ष सभी समान हैं। आज महादलित बस्ती में आकर खरना का प्रसाद ग्रहण करना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। जिला प्रशासन का यह संकल्प है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे और हर व्रती पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ छठ पर्व मना सके।"

साथ ही, उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे छठ घाटों पर स्वच्छता बनाए रखें और पर्यावरण संरक्षण हेतु प्लास्टिक का प्रयोग बिल्कुल न करें।

इस कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी (कटिहार सदर), विशेष कार्य पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

— Raju Choudhary

यात्रा

छठ पूजा के बाद रेल यात्रियों को राहत, पूजा स्पेशल ट्रेनों में उपलब्ध हैं आरक्षित सीटें



पटना। छठ पूजा के बाद अपने गंतव्य की ओर लौटने वाले रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। पूर्व मध्य रेल के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों से देश के बड़े शहरों के लिए संचालित की जा रही पूजा स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों के लिए आरक्षित बर्थ और सीटें उपलब्ध हैं। इससे पटना सहित बिहार के विभिन्न शहरों से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और पुणे जाने वाले यात्रियों को यात्रा में सहूलियत मिल सकती है।

पूर्व मध्य रेल के अनुसार, पटना, दानापुर, दरभंगा, धनबाद, बरौनी, पाटलिपुत्र, मुजफ्फरपुर, गया, मधुबनी और समस्तीपुर सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों से हड़पसर (पुणे), कोलकाता, आनंद विहार, मुंबई, दिल्ली समेत देश के अन्य प्रमुख स्टेशनों के लिए पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इन ट्रेनों में आरक्षण के लिए बर्थ और सीटें उपलब्ध हैं। रेलवे की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, उपलब्ध आरक्षण की स्थिति 14 नवंबर 2026 को सुबह 10 बजे तक की है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि टिकट बुक कराने से पहले सीटों की ताजा उपलब्धता की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। रेल यात्रा से संबंधित जानकारी, ट्रेनों की समय-सारणी, परिचालन की स्थिति और आरक्षण की अद्यतन जानकारी के लिए यात्री रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 या NTES ऐप का उपयोग कर सकते हैं। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा की योजना बनाने से पहले आधिकारिक माध्यमों से जानकारी प्राप्त करने की अपील की है।

— Pankaj Gupta, पटना

धर्म

राजापट्टी कोठी बाजार, गोपालगंज में छठ महापर्व का उत्सव



छठ महापर्व का पावन अवसर पूरे देश में आस्था और भक्ति के रंग में रंगा है, और इस वर्ष राजापट्टी कोठी बाजार, गोपालगंज में भी श्रद्धालुओं ने इसे धूमधाम से मनाया। इस पावन पर्व में सूर्य देव और छठी मैया की आराधना के साथ त्याग, तपस्या और स्वच्छता का संदेश प्रमुखता से उजागर हुआ।

स्थानीय लोग घाटों की साफ-सफाई, पूजा सामग्री की खरीदारी और भक्तिमय गीतों से वातावरण को पवित्र बनाते हुए पूरी श्रद्धा से पूजा में सम्मिलित हुए। राजापट्टी कोठी बाजार के आसपास के क्षेत्रों में भी इस उत्सव को लेकर विशेष उत्साह देखा गया, जहाँ लोग एकत्रित होकर सूर्यास्त के समय अर्घ्य अर्पित कर रहे थे।

इस पावन अवसर पर सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि छठी मैया और सूर्य देव समस्त देशवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें। सभी घरों में खुशियों का उजाला हो और देश में प्रेम, भाईचारा एवं एकता बनी रहे।

— Amit Kumar

12 नवंबर सुबह 5 बजे से ओम बाबू उर्फ आशिक13 वर्षीय छात्र गायब, पिता ने योगापट्टी थाने में आवेदन दिया



योगापट्टी थाना क्षेत्र के डूमरी गांव से 13 वर्षीय छात्र के अचानक लापता होने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बीते 12 नवंबर की सुबह करीब पांच बजे से लापता ओम बाबू उर्फ आशिक का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। बेटे की तलाश में परिजन लगातार परेशान हैं। वहीं, मां रानी देवी और पिता प्रभु प्रसाद का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, ओम बाबू उर्फ आशिक 12 नवंबर की सुबह करीब पांच बजे कोचिंग जाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान वह घर से लापता हो गया। इसके बाद पिता प्रभु प्रसाद ने योगापट्टी थाने में आवेदन देकर पुलिस से अपने बेटे की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि लापता छात्र बैजनाथ उच्च विद्यालय, लक्ष्मीपुर में नौवीं कक्षा का विद्यार्थी है। अचानक बेटे के गायब होने से परिवार के लोगों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। घर में मातम जैसा माहौल बना हुआ है। वहीं, पिता प्रभु प्रसाद ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द बेटे को खोजने की अपील की है। इस संबंध में योगापट्टी थानाध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।

— Amit kumar

पहली बार घर-घर पहुंची टीम, नारियल और साड़ी बांटी गई



योगापट्टी। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर नवलपुर थाना पुलिस ने सराहनीय पहल की है। छठ पर्व के अवसर पर नवलपुर थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में घर-घर जाकर करीब 30 छठ व्रती महिलाओं के बीच राहत सामग्री एवं पूजा-पाठ की आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया। पुलिस की इस पहल से छठ व्रती महिलाओं के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। जानकारी के अनुसार, नवलपुर थाना क्षेत्र के ढढ़वा, दूधियवा,बरवा सानी , सिसवा बैरागी, नवलपुर सहित अन्य गांवों में पुलिस टीम पहुंची। इस दौरान छठ व्रती महिलाओं को नारियल, साड़ी सहित छठ पूजा में उपयोग होने वाली अन्य आवश्यक सामग्री दी गई। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं के घर पहुंचकर उन्हें पूजा सामग्री उपलब्ध कराई और छठ महापर्व की शुभकामनाएं भी दीं। इस मौके पर चौकीदार मनजीत कुमार, ऐस आई रोहित कुमार, नितेश कुमार राम सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। नवलपुर पुलिस की इस पहल की क्षेत्र में चर्चा हो रही है।

— Amit kumar

बिज़नेस

हमीदपुर में एयरटेल पेमेंट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र खुला, फिंगरप्रिंट व आँखों की मशीन से निकासी संभव



हमीदपुर, पोस्ट राजापट्टी, थाना बैकुंठपुर, जिला गोपालगंज, बिहार में एयरटेल पेमेंट बैंक का नया ग्राहक सेवा केंद्र खुला है। यह केंद्र मनीष ट्रेडर्स के परिसर में स्थित है और स्थानीय जनता को विभिन्न बैंकिंग सुविधाएँ प्रदान करेगा।

इस केंद्र में किसी भी बैंक से नकद निकासी, फिंगरप्रिंट द्वारा निकासी तथा आँखों की बायोमेट्रिक मशीन से निकासी की सुविधा उपलब्ध है। जिनका फिंगरप्रिंट नहीं लगता, वे आई स्कैन द्वारा भी लेन-देन कर सकते हैं।

नए बचत खाते खोलने, केवाईसी प्रक्रिया पूरी करने, बीमा और अन्य बैंकिंग सेवाओं के लिये भी यह केंद्र कार्यरत रहेगा। ग्राहकों को तेज़ और सुरक्षित सेवा प्रदान करने के लिये केंद्र में आधुनिक उपकरण स्थापित किए गए हैं।

केंद्र से संपर्क करने के लिये 9939263092 पर फोन किया जा सकता है। यह सुविधा बिहार ग्रामीण बैंक से 100 मीटर उत्तर, हमीदपुर में स्थित है, जिससे निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी आसानी होगी।

— Amit Kumar

चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार को खरना संपन्न हो गया



चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार को खरना संपन्न हो गया । व्रती स्नान करके संध्या काल में गुड़ और नए चावल से खीर बनाकर तथा घी लगी रोटी का भोग छठी माता को लगाया । खीर व रोटी को प्रसाद के तौर पर लोगों के बीच बांटा गया तथा घर के लोगों ने इसे ग्रहण किया । इसी के साथ छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया । छठ व्रत्ति रविवार की शाम आस्ताचलगामी सूर्य को पहले अर्घ्य तथा सोमवार को तड़के सुबह दूसरा अर्घ्य देंगे।

— Kumar Raushan

स्थानीय

ढोढ़ा पंचायत में छठ महापर्व: 2035 तक सूर्य प्रतिमा स्थापना हेतु बुकिंग, कौरीहारी नदी घाट पर श्रद्धालु उमड़ते



ग्राम पंचायत ढोढ़ा, नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखंड में, छठ महापर्व को वर्षों पुरानी परंपरा, अटूट आस्था और भव्य आयोजन के साथ मनाया जाता है। यहाँ के श्रद्धालु कौरिहारी नदी के छठ घाट पर माता छठी और भगवान सूर्य से मांगी गई मन्नतें पूरी होने का विश्वास रखते हैं, जिसके कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग पूजा-अर्चना के लिए आते हैं।

ढोढ़ा पंचायत की सबसे खास विशेषता भगवान सूर्य की प्रतिमा स्थापित करने की परंपरा है। इस वर्ष भी प्रतिमा स्थापना के लिए 2035 तक की बुकिंग पहले से ही हो चुकी है, जो यहाँ के लोगों की गहरी धार्मिक आस्था और छठ महापर्व के प्रति समर्पण को दर्शाती है।

छठ पूजा का आयोजन भव्य और श्रद्धापूर्ण तरीके से किया जाता है। पड़ोसी ग्राम पंचायत धमौल और पड़रिया से भी बड़ी संख्या में छठव्रती एवं श्रद्धालु कौरीहारी नदी छठ घाट पर अर्घ्य अर्पित करने पहुंचते हैं। घाट पर आकर्षक सजावट, पेयजल व्यवस्था और रात्रि में संगीत कार्यक्रम की व्यवस्था से श्रद्धालुओं को सुविधा और मनोरंजन दोनों मिलते हैं।

इस वर्ष भी ग्राम पंचायत ढोढ़ा छठ पूजा समिति के सदस्य, अध्यक्ष विवेक पंडित, उपाध्यक्ष डॉ. कुंदन कुमार, लालू यादव, शिशुपाल यादव, सुनील यादव, सोनू यादव, नावेश पंडित आदि ने अग्रणी भूमिका निभाई है। बुजुर्गों, युवाओं और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से यह आयोजन सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम बन गया है।

— Ramlakhan Kumar

धर्म

राजापट्टी कोठी बाजार में छठ महापर्व के कारण उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



छठ महापर्व के कारण राजापट्टी कोठी बाजार में उत्साह और चहल-पहल देखी जा रही है। तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और बाजार पूरी तरह छठमय नजर आ रहा है।

पूजा सामग्री की दुकानों को सजाया गया है। सुबह से देर शाम तक खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है, जहाँ व्रती महिलाएँ और उनके परिजन पूजा की तैयारियों में लगे हुए हैं।

दुकानदार भी उत्साहित हैं; चारों ओर छठी मइया के भक्ति गीत गूंज रहे हैं और वातावरण भक्तिमय बन गया है। यह महापर्व आस्था, पवित्रता, त्याग और सामाजिक एकता का प्रतीक माना जाता है।

राजापट्टी कोठी बाजार में छठ महापर्व की रौनक देखते ही बन रही है; हर तरफ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल है। छठी मइया सभी की मनोकामनाएँ पूर्ण करें, जय छठी मइया!

— Amit Kumar

स्थानीय

खरना में व्रती का 36-घंटे का निर्जला व्रत: दिनभर उपवास और शाम की पूजा



खरना के व्रती दिनभर निर्जला व्रत रखते हैं, जिसमें वे बिना पानी के पूरे दिन उपवास करते हैं।

उपवास के दौरान वे शुद्धता और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हैं, ताकि व्रत की पवित्रता बनी रहे।

शाम को मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से गुड़ और चावल की खीर तथा रोटी बनाई जाती है, जिसे पूजा के बाद व्रती प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

इस प्रसाद के ग्रहण के साथ ही उनका लगभग 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू हो जाता है, जो इस पवित्र परंपरा की गहराई और समर्पण को दर्शाता है।

— Pintu Kumar

लौकही पुलिस की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद



लौकही पुलिस की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद

नमस्कार आप देख रहे हैं need24 News

मधुबनी। लौकही थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम हिरपट्टी में छापेमारी कर भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, अनिल पासवान, पिता छेदी पासवान के घर विधिवत छापेमारी के दौरान बेड के गद्दे के नीचे से एक पिस्टल, एक देसी कट्टा, दो मैगजीन, कुल 19 जिंदा कारतूस और कारतूस रखने वाला एक पट्टा बरामद किया गया।

इस मामले में पुलिस ने अनिल पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी से हथियारों के स्रोत और इनके इस्तेमाल से जुड़े पहलुओं पर पूछताछ कर रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

इस संबंध में लौकही थानाध्यक्ष गौरव कुमार ने जानकारी दी।

— Md Parwez

भागलपुर में छठ पूजा की तैयारियों से बाजार में भीड़



भागलपुर में छठ पूजा की तैयारियों को तेज़ी से आगे बढ़ाया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन और भक्तगण मिलकर पूजा स्थल की सफ़ाई, दीपावली और अन्य आवश्यक कार्यों को पूरा कर रहे हैं।

इन तैयारियों के चलते भागलपुर के मुख्य बाजार में भीड़भाड़ का माहौल बन गया है। लोग पूजा सामग्री जैसे फल, प्रसाद, धूप, और अन्य आवश्यक वस्तुएँ खरीदने के लिए एकत्रित हो रहे हैं।

व्यापारी इस बढ़ती मांग को देखते हुए अतिरिक्त स्टॉक रख रहे हैं और ग्राहकों की सुविधा के लिए अतिरिक्त काउंटर स्थापित कर रहे हैं। इस प्रकार, छठ पूजा की तैयारियों ने न केवल धार्मिक माहौल को सुदृढ़ किया है, बल्कि स्थानीय व्यापार को भी सक्रिय किया है।

— Abhishek Kumar Pandit, भागलपुर

अपराध

नवादा में डिलीवरी बॉय पर बेरहमी से पिटाई, गंभीर हालत में अस्पताल भर्ती



नवादा के राजेंद्र नगर स्थित एक फ्लैट में एक डिलीवरी बॉय पर बेरहमी से पिटाई की गई, जिसके परिणामस्वरूप वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के तुरंत बाद घायल डिलीवरी बॉय को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा में भर्ती कराया गया, जहाँ चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस मारपीट के पीछे की वास्तविक वजह का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

वर्तमान में पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है, और जांच के बाद घटना से जुड़े अन्य तथ्यों का खुलासा होने की संभावना है।

— Ramlakhan Kumar

कब्जा, महिलाओं ने की अतिक्रमण हटाने की मांग



योगापट्टी प्रखण्ड के बलुआ भवानीपुर पंचायत के वार्ड नंबर 4 स्थित परेगावा जेरूआरी टोला में छठ घाट की जमीन पर राजेश्वर प्रसाद, गणेश प्रसाद और नथू प्रसाद के द्वारा कब्जा करने का आरोप लगा है | शनिवार को ग्रामीणों और छठ व्रती महिलाओं ने अंचल कार्यालय के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया | ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को आवेदन देकर जमीन से कब्जा हटाने की मांग की | छठ घाट की जमीन का खाता नंबर 590/2 है | ग्रामीणों का कहना है की जमीन का इस्तेमाल गांव के लोग छठ पूजा के लिए करते रहे हैं | ग्रामीणों ने बताया कि इन लोगों के द्वारा करीब 12 साल से झोपड़ी बनाकर जमीन पर कब्जा कर रखा है इससे छठ के दौरान छठ व्रतियों को पूजा करने में परेशानी होती है | अंचल अधिकारी विक्रम सिंह ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं से बात की, और उन्होंने कहा कि 19 नवंबर को जमीन की मापी कराई जाएगी, इसके बाद नियम के मुताबिक नोटिस देकर कब्जा हटाने की कार्रवाई होगी | उनके आश्वासन के बाद महिलाओं ने प्रदर्शन खत्म कर दिया | प्रदर्शन के दौरान महंगु महतो, राजेश्वर प्रसाद, कलावती देवी, कुंती देवी, नवीन प्रसाद, शर्मा प्रसाद और शशि कुमार समेत दर्शनों ग्रामीण मौजूद रहे |

— Amit kumar

स्थानीय

मथुरापुर घाट पर छठ पूजा की तैयारी तेज, सजावट और रोशनी से सज रहा घाट



समस्तीपुर के मथुरापुर घाट पर छठ पूजा के लिए तैयारियाँ तेज़ी से चल रही हैं।

घाट पर सीढ़ियों, सजावटी ढाँचों और रोशनी की व्यवस्था के साथ पंडाल निर्माण का काम भी प्रगति पर है।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पानी के किनारे बने घाट, सीढ़ियाँ और साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

छठ महापर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे, अतः सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है।

स्थानीय प्रशासन और आयोजन से जुड़े लोगों से अपेक्षा है कि सभी आवश्यक इंतजाम समय पर पूरे किए जाएँ।

— Deepak Kumar

धर्म

वारिसलीगंज में दीपों से जगमगाते घर और लोहंडा (खरना) का उल्लास



लोक आस्था, अनुशासन और प्रकृति के अटूट प्रेम के महासंगम—छठ महापर्व की अलौकिक छटा से जगमगा रहा है हमारा वारिसलीगंज! आज रात दीयों की रोशनी से सजी छतें और हर घर में गूंजती छठी मईया की महिमा यह बता रही है कि यह सिर्फ एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान का सबसे पावन उत्सव है। आइए, जानते हैं लोहंडा से लेकर पारण तक के इस महापर्व की हर एक पवित्र बात। नीड 24 न्यूज़ के साथ, मैं हूं

दिन यानी लोहंडा (खरना) है। आज की रात वारिसलीगंज के हर घर की छतें और आंगन रंग-बिरंगी लाइटनिंग और दीपों की रोशनी से जगमगा रहे हैं। घरों में माताएं-बहनें पूरी पवित्रता के साथ खरना का प्रसाद तैयार कर रही हैं।

वारिसलीगंज की परंपरा के अनुसार, आज रात लोहंडा पूजा के बाद लोग अपने सगे-सम्बन्धियों, मित्रों और पड़ोसियों के घर जाकर खरना का पहला महाप्रसाद (गुड़ की खीर और रोटी) ग्रहण करते हैं। यह प्रसाद छठ व्रत का पहला महाप्रसाद होता है, जिसे आरोग्यता और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान पूरा वारिसलीगंज शहर आपसी प्रेम, भाईचारे और छठी मईया की भक्ति में सराबोर नजर आता है।

लोहंडा और खरना (आज): आज व्रती दिनभर का उपवास रखकर शाम को विधि-विधान से पूजा करती हैं और भगवान सूर्य को भोग लगाने के बाद प्रसाद ग्रहण करती हैं। इसी के साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला अनुष्ठान शुरू हो जाता है।

वारिसलीगंज की पावन धरती पर यह महापर्व किसी एक वर्ग या समुदाय का नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज का पर्व है। यहां सभी धर्मों और वर्गों के लोग पूरी श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ इस महान पर्व में शामिल होते हैं और छठ घाटों की साफ-सफाई से लेकर व्यवस्थाओं में बढ़-चढ़कर योगदान देते हैं।

वारिसलीगंज से स्पेशल रिपोर्टर राहुल पांडे की यह खास प्रस्तुति इसी लोक आस्था, भक्ति और उल्लास को बयां करती है। नीड 24 न्यूज़ की ओर से सभी देशवासियों और वारिसलीगंज वासियों को छठ महापर्व की अनंत शुभकामनाएं!

— Rahul Pandey

स्थानीय

समस्तीपुर में क्षत्रपति पटेल विचार मंच की जिला बैठक सम्पन्न।



समस्तीपुर के धर्मपुर में स्थित जागदेव राय के निजी आवास में क्षत्रपति पटेल विचार मंच की जिला बैठक दोपहर 1:00 बजे आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जय कृष्ण राय ने की, जबकि संचालन नवल राय के द्वारा किया गया।

सभा में संगठन के विस्तार तथा सदस्यता अभियान पर चर्चा हुई। संस्थापक व जिलाध्यक्ष जय कृष्ण राय ने संबोधन में कहा कि हम सभी सरदार पटेल के वंशज हैं और अपने समाज के गरीब बच्चों को यथासंभव शिक्षित करने का संकल्प लिया, जिसके तहत प्रत्येक गरीब बस्ती में एक निजी विद्यालय की स्थापना की जाएगी।

संगठन विस्तार हेतु सर्वसम्मति से युवा समाजसेवी प्रकाश राय को जिला युवा महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया। घोषणापत्र में सरदार पटेल की अग्रिम पुण्यतिथि 15 दिसंबर, 2026 को धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया गया।

मौके पर सचिव डॉ. जवाहर राय, कोषाध्यक्ष राम स्वरूप राय, नवल राय, अशोक राय, जागदेव राय, शंभू राय, बैजू राय, कल्याणी राय, रामाश्रय राय, राम सागर राय, बबलू कुमार, प्रकाश राय आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

— ANAND KUMAR PANDEY

छठ पूजा की तैयारियों को लेकर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न घाटों का किया गया निरीक्षण



कटिहार: 14 नवंबर 2026

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के सफल एवं सुरक्षित आयोजन को लेकर आज नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्राकृतिक एवं कृत्रिम छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के क्रम में वार्ड संख्या 45 के वर्मा नगर, नहर छठ घाट, रजत जयंती पार्क, दुर्गास्थान, महानंदा कॉलोनी, बीएमपी-07 मैदान छठ घाट, तेजा टोला, महिपाल नगर, कोशी कॉलोनी, वार्ड संख्या 03 एवं 09 सहित इमरजेंसी कॉलोनी, ओ.टी. पाड़ा तथा अन्य प्रमुख घाटों की स्थिति की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं नगर निगम के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि श्रद्धालुओं और छठव्रतियों की सुविधा हेतु घाटों की समुचित साफ-सफाई, मजबूत बैरिकेडिंग, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम एवं सुगम पहुंच मार्ग का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर हर हाल में पूरा करें। प्रशासन का यह निरंतर प्रयास है कि सभी घाट स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित रहें ताकि व्रतियों को कोई असुविधा न हो।

इस निरीक्षण कार्यक्रम में महापौर उषा देवी अग्रवाल, उप महापौर मंज़ूर ख़ान, जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, नगर आयुक्त संतोष कुमार, मुन्ना राजपाल सहित संबंधित क्षेत्रों के वार्ड पार्षद एवं नगर निगम के सभी पदाधिकारीगण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

— Raju Choudhary

कृषि

दक्षिणी कलेर पंचायत के पैक्स गोदाम में खरीफ 2026-27 धान अधिग्रहण पर कार्यकारिणी बैठक



आज दिनांक 14 .11.2026 को पंचायत दक्षिणी कलेर के पैक्स गोदाम पर खरीफ विपणन वर्ष 26 .27 को धान अधिप्राप्ति के लेकर पैक्स कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह ने की बैठक मे कार्यकारिणी सदस्य सह 20 सूत्री अध्यक्ष प्रखंड कलेर ब्रजेनद्र कुमार सिंह ने उपस्थित सदस्य से आग्रह किया की इस वर्ष साधारण धान का कीमत 2441 रू और ग्रेड A धान 2461 रू प्रति क्विंटल निर्धारित है हमलोग को सभी किसान से जिनका सहकारिता विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन के माध्यम से दर्ज रहेगा उनसे रैयत किसान से 250 क्विंटल और गैर रैयत किसान से 100 क्विंटल धान की खरीद करना है बैठक मे सदस्यो द्वारा बोरा के बारे मे बताया गया की एक क्विंटल धान पर मात्र 25 रू का भुगतान सरकार द्वारा किया जाता है जो बहुत कम है सरकार को बोरा का दाम ज्यादा करने पर विचार करना चाहिए बैठक मे मुख्य रूप से उपस्थित हुए प्रबंधक जयरंजन कुमार सिंह ब्रजेनद्र कुमार सिंह धर्मेन्द्र कुमार सिंह नवीन कुमार सिंह जितेन्द्र यादव जितेन्द्र चौधरी देवनति देवी मुशी रणधीर कुमार सिंह निखिल कुमार सिंह धनेश कुमार सिंह सहित सभी सदस्य शामिल हुए

धर्म

कटिहार के आजमनगर बाजार में छठ पूजा के अवसर पर भारी भीड़



आजमनगर बाजार में छठ पूजा के पावन अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं और खरीदारों की भारी भीड़ इकट्ठी हुई है।

भक्तजन बांस से बने सूप, दउरा, डाला, नारियल, केला, ईख, सेब आदि पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए बाजार की दुकानों पर उमड़ पड़े हैं।

चारों ओर छठी मैया के गीतों की ध्वनि गूंज रही है, जिससे भक्ति-भावनात्मक माहौल स्पष्ट रूप से महसूस किया जा रहा है।

प्रशासन से भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था और सुरक्षा को सुदृढ़ करने की अपील की गई है।

— Shivu KR Vishwas

धर्म

नगर निगम कटिहार की अनूठी पहल: 2023 से लगातार छठ व्रतियों को उपलब्ध कराया जा रहा मनिहारी गंगा घाट का पवित्र गंगाजल



कटिहार। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर नगर निगम कटिहार द्वारा वर्ष 2023 से लगातार एक सराहनीय एवं जनहितकारी पहल की जा रही है। इसके तहत मनिहारी स्थित पवित्र गंगा घाट से गंगाजल लाकर उन श्रद्धालुओं को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है, जो किसी कारणवश स्वयं मनिहारी गंगा घाट तक पहुंचने में असमर्थ हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 13 नवंबर 2026 को माननीय महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल के द्वारा श्रद्धालुओं के बीच गंगाजल का वितरण किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए उन्हें घर बैठे पवित्र गंगाजल उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी श्रद्धालु गंगाजल से वंचित न रहे।

नगर निगम कटिहार द्वारा इस सुविधा को और अधिक सुलभ बनाने के लिए टोल फ्री नंबर 1800 345 1234 जारी किया गया है। श्रद्धालु उक्त टोल फ्री नंबर पर कॉल कर गंगाजल की मांग कर सकते हैं। नगर निगम की ओर से उनके घर तक गंगाजल पहुंचाने की व्यवस्था की जाती है।

इस अवसर पर माननीय उप महापौर श्री मंजूर खान, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य श्री प्रमोद महतो एवं श्री जिमी प्रकाश, पार्षद प्रतिनिधि श्री मुन्ना राजपाल, स्वच्छता प्रभारी श्री कैलाश नारायण चौधरी सहित नगर निगम के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर निगम कटिहार की यह पहल न केवल श्रद्धालुओं की सुविधा का माध्यम बनी है, बल्कि लोक आस्था के महापर्व छठ के प्रति सम्मान, सेवा और सामाजिक सरोकार का भी एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

— Raju Choudhary

आवास पर छठ महापर्व के खरना की तैयारी, श्रद्धालुओं के बीच बांटेंगी प्रसाद और देंगी आशीर्वाद....



भाजपा नेत्री डॉ. पूनम शर्मा के आवास पर छठ महापर्व के खरना की तैयारी, श्रद्धालुओं के बीच बांटेंगी प्रसाद और देंगी आशीर्वाद....

****

* लोक आस्था का महापर्व छठ की विशेष खबरें..

बरबीघा/ शेखपुरा। लोक आस्था, पवित्रता और सूर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर पूरे बिहार में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। छठ महापर्व के दूसरे दिन खरना को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में भाजपा नेत्री डॉ. पूनम शर्मा अपने आवास पर पूरी श्रद्धा और पारंपरिक विधि-विधान के साथ खरना का प्रसाद तैयार करती नजर आईं।

छठ महापर्व में खरना का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखते हैं और शाम को भगवान सूर्य तथा छठी मैया की पूजा-अर्चना करने के बाद, दाल चावल, रोटी, चावल के आटा का पीठा, और मीठा तथा गुड़ की खीर, और अन्य पारंपरिक प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसके साथ ही 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरुआत होती है।

डॉ. पूनम शर्मा भी छठ की पारंपरिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए अपने आवास पर खरना का प्रसाद बनाने में जुटी रहीं। उनके आवास पर छठी मैया के प्रति श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला।

बताया गया कि शाम को विधि-विधान से खरना पूजा संपन्न करने के बाद डॉ. पूनम शर्मा लोगों के बीच खरना का प्रसाद वितरित करेंगी और श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद देंगी।

इस अवसर पर छठ महापर्व की महत्ता पर चर्चा करते हुए उन्होंने लोक आस्था के इस महान पर्व को भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता और पारिवारिक एकता का प्रतीक बताया।

छठ महापर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण और सूर्य देव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी पर्व है। इस पर्व में स्वच्छता, संयम, शुद्धता और सेवा भावना का विशेष संदेश मिलता है।

छठी मैया सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली प्रदान करें, यही मंगलकामना है।

जय छठी मैया! जय सूर्य देव

— TARUN KUMAR

स्थानीय

रतनचक में अतिक्रमण मुक्त हुआ मुख्य मार्ग, सीओ के नेतृत्व में जेसीबी से हटाया गया ईंट-गिट्टी का कब्जा



रतनचक में मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाकर वह पूर्णतः उपयोग योग्य बनाया गया। इस कार्य का नेतृत्व नगर निगम के प्रमुख अधिकारी (सीओ) ने किया और जेसीबी मशीन की मदद से अवैध रूप से स्थापित ईंट-गिट्टी की संरचना को हटाया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा उपायों को कड़ाई से लागू किया और आसपास के निवासियों को संभावित असुविधा के बारे में पूर्व सूचना दी। जेसीबी द्वारा किए गए कार्य से अतिक्रमित क्षेत्र को साफ़ कर दिया गया, जिससे वाहन और पादचारी दोनों के लिए मार्ग सुरक्षित हो गया।

और बताया कि अब वे बिना बाधा के अपने दैनिक कार्यों के लिए इस मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। अतिक्रमण मुक्त होने से व्यापारिक गतिविधियों में भी सुधार की उम्मीद जताई गई।

— News report

छठ महापर्व को लेकर मधेपुर में लगा भीषण जाम!



छठ महापर्व को लेकर मधेपुर में लगा भीषण जाम

नमस्कार आप देख रहे हैं need24 News

मधेपुर (मधुबनी): लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसी बीच मधेपुर के लक्ष्मीपुर चौक पर काफी देर तक भीषण जाम देखने को मिला।

सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लगने से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने और चौक पर ट्रैफिक नियंत्रण की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है।

सवाल है कि त्योहारों के दौरान जाम से निजात दिलाने के लिए प्रशासन क्या कदम उठाएगा?

मधेपुर, मधुबनी | Need24 News

— Md Parwez

धर्म

धोरैया प्रखंड के सादपुर में 17 नवंबर से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन



धोरैया प्रखंड के सादपुर गांव में शीतला माता मंदिर परिसर में 17 नवंबर 2026 से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा समिति के अध्यक्ष श्री सुनील सिंह ने बताया कि इस दिन सुबह 8 बजे कलश शोभा यात्रा को बड़ी धूमधाम से निकाला जाएगा।

वृंदावन धाम की प्रसिद्ध कथा वाचिका प्रिया किशोरी अदिति जी इस महाकाव्य कथा को श्रवण कराएँगी, जिसमें श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कहानियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्र, भक्ति, धर्म, ज्ञान और वैराग्य के महत्व को विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया जाएगा।

आयोजन समिति ने बताया कि कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये विशेष व्यवस्था की जा रही है और क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में भक्तों के आगमन की संभावना है। तैयारियों में स्थानीय स्वयंसेवकों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है।

समिति ने इस आध्यात्मिक महोत्सव को क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन बताया और सभी श्रद्धालुओं से सहभागिता की अपील की। स्थानीय ग्रामीणों और श्रद्धालुओं का निरंतर सहयोग इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक होगा।

— Paras Kumar Singh